Dainik Jagran, New Delhi
Saturday, 8th April 2023; Page: 6
Width: 21.54 cms; Height: 30.31 cms; a3; ID: 24.2023-04-08.27

शराब की दुकानों पर नहीं मिल रहे बीयर के पसंदीदा ब्रांड

- **आबकारी विभाग का कहना है कि जल्द पूरी होगी उपलब्धता**
- **दिल्ली की दुकानों में स्टाक रखने के लिए है सीमित जगह**

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली : गर्मियां आ रही हैं मगर बीयर प्रेमी अपने पसंदीदा ब्रांड की ठंडी बोतलों की तलाश में हैं, लेकिन शहर के ज्यादातर शराब के ठेके उन्हें खाली हाथ लौटाते नजर आ रहे हैं। विभागीय अधिकारी दुकानों से लोकप्रिय ब्रांडों के गायब होने की शिकायतों का खंडन कर रहे हैं, लेकिन इतना जरूर स्वीकार कर रहे हैं कि फ्रिज और चिलर के लिए निगमों द्वारा निविदाएं जारी की गई हैं। उनका कहना है कि दुकानों पर जल्द ठंडी बीयर उपलब्ध होगी।

वर्तमान आबकारी नियमों के तहत दिल्ली सरकार के चार उपक्रम 550 से अधिक दुकानों के माध्यम से खुदरा शराब की बिक्री करते हैं। शराब उद्योग के सूत्रों ने कहा कि दिल्लीवासियों ने पिछले साल बीयर की 1.2 करोड़ पेटियां पीं। एक पेटी में 24 बोतलें होती हैं। कन्फेडरेशन आफ इंडियन अल्कोहलिक बेवरेज कंपनीज के महानिदेशक विनोद गिरी बताते हैं कि गर्मी के तीन महीनों में मांग अधिक होती है और आपूर्ति कम होती है, तो उत्पादक राज्य अपने करों की रक्षा के लिए कंपनियों को पहले स्थानीय मांग को पूरा करने के लिए मजबूर करते हैं। साथ ही दिल्ली में कंपनियों का मार्जिन कम होता है तो कम उपलब्धता के दौरान कंपनियां अधिक लाभदायक बाजारों में आपूर्ति करना चाहती हैं।

विनोद गिरी ने कहा कि दिल्ली की दुकानों में स्टाक रखने की सीमित जगह है और शहर में दुकानों की कम संख्या का स्वाभाविक रूप से मतलब है कि कुल स्टाक होल्डिंग कम है। अनुपालन संबंधी चिंताओं के कारण कुछ कंपनियां सरकारी स्वामित्व वाली दुकानों को आपूर्ति करने में हिचकिचा रही हैं।